**प्रेरणा**

जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए
तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा !

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र


# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 23 JUNE TO 29 JUNE 2023 • VOLUME 48 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

## व्हाइट हाउस में जो बाइडेन ने किया पीएम मोदी का भव्य स्वागत





**वाशिंगटन.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। इस दौरान राजकीय यात्रा पर गए पीएम मोदी का व्हाइट हाउस में जोरदार स्वागत किया गया। यहां बाइडेन के अलावा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

यूएस राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मैं सम्मानित हूं कि अमेरिका 15 साल बाद भारत के लिए एक बार फिर से राजकीय यात्रा की मेजबानी कर रहा हैं। मैं जब वाइस प्रेसिडेंट था तो पीएम मोदी के साथ बहुत समय बिताया। मैं जब से राष्ट्रपति बना हूं इसको मैंने कायम रखा है। बाइडेन ने कहा, 'भारत और अमेरिका हर विषय पर मिल कर काम कर रहे हैं। ये सब भारत, अमेरिका और विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो भी हम आज निर्णय लेंगे ये आने वाले पीढ़ियों को प्रभावित करेंगे।' उन्होंने कहा कि दोनों देश गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने और यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध के कारण उत्पन्न खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा से निपटने पर मिलकर काम कर रहे हैं।

**जो बाइडेन ने क्या कहा? :** बाइडेन ने कहा कि हमने स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के लिए क्वाड को मजबूत किया है। अब से दशकों बाद, लोग पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे कि क्वाड ने वैश्विक भलाई के लिए इतिहास की दिशा को मोड़ दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा विश्वास किया है कि अमेरिका और भारत के बीच यह रिश्ता 21वीं सदी के सबसे अहम संबंधों से एक है। हमारे संविधान के पहले शब्द यही है कि 'हम, देश के नागरिक, हमारे लोगों के बीच स्थाई संबंध और साझे मूल्य और वर्तमान के मुद्दों से निपटने के लिए वैश्विक नेताओं के रूप में हमारी साझी ज़िम्मेदारी है।'

**पीएम मोदी ने क्या कहा? :** बाइडेन के स्वागत भाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भव्य स्वागत आभार जताया। उन्होंने कहा, 'व्हाइट हाउस में यह भव्य स्वागत समारोह 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान है।' उन्होंने कहा कि मैं तीन दशक पहले यूएस आया था और व्हाइट हाउस को बाहर से देखा था। मैं कई बार अमेरिका आया लेकिन पहली बार इतने भारतीयों के लिए व्हाइट हाउस के दरवाजे खोले गए।

**भारत और अमेरिका किसमें विश्वास रखते हैं? :** पीएम मोदी ने कहा कि हम दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। अपनी विविधता पर गर्व करते हैं। हम दोनों ही सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के मूल सिद्धांत में विश्वास करते हैं। उन्होंने भारतीय समुदाय के लोग अपनी मेहनत और लगन से अमेरिका में भारत का मान बढ़ा रहे हैं। आप हमारे रिश्ते की असली ताकत हैं। बता दें कि पीएम मोदी के स्वागत के बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।

## इनकम टैक्स विभाग ने दिल्ली-यूपी समेत कई जगह की छापेमारी



**नई दिल्ली.** सोने की खरीद-फरोख्त में शामिल सराफा व्यापारियों के खिलाफ आयकर विभाग ने अपना मोर्चा खोल दिया है। दिल्ली और यूपी समेत कई राज्यों में आयकर विभाग के अधिकारियों ने रेड की है। बताया गया है कि अवैध तौर पर रियल एस्टेट में पैसा इनवेस्ट किया गया। अवैध लेनदेन को लेकर दिल्ली, कोलकाता, यूपी में सोना व्यापारियों पर टैक्स छापे मारे गए हैं।

आयकर विभाग के अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर सोने की खरीद-फरोख्त में शामिल सराफा व्यापारियों और जौहरियों के परिसरों पर कई स्थानों पर छापे मारे और कथित तौर पर इन लेनदेन से अवैध रूप से अर्जित धन का उपयोग रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए किया।

यह छापेमारी उत्तर प्रदेश के लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, कानपुर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और दिल्ली सहित कई शहरों में की गई। आयकर विभाग की टीम ने कानपुर में दो कारोबारियों के घर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

आरोप है कि सोने की खरीद-फरोख्त से कमाए गए अवैध पैसे को रियल एस्टेट कारोबार में निवेश किया जा रहा था। सराफा कारोबारियों से जुड़े रियल एस्टेट कारोबारियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है।

## भारत-पाक सरहद पर हथियार तस्करी की कोशिश की नाकाम, चार पिस्तौलें बरामद

***अमृतसर काउन्टर इंटेलिजेंस टीम द्वारा एक हफ्ते से भी कम समय में काबू किया गया यह तीसरा हथियार तस्करी माड्यूल***

• **जालंधर ब्रीज.** अमृतसर



पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने गुरूवार को अमृतसर में पड़ते लोपोके के गाँव कक्कड़ के इलाके में से चार .30 बोर के पिस्तौल बरामद करके सरहद पार से हो रही हथियारों की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम किया है।

काउन्टर इंटेलिजेंस अमृतसर के ए. आई. जी सुखमिन्दर सिंह मान ने बताया कि सरहद पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी सम्बन्धी मिली ख़ुफ़िया सूचना के आधार पर काउन्टर इंटेलिजेंस अमृतसर की टीम ने गाँव कक्कड़ के इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया और सफलतापूर्वक चार पिस्तौलें सहित मैगज़ीन बरामद किये हैं।

उन्होंने कहा कि यह खेप ड्रोन के द्वारा डिलीवर की प्रतीत होती है, परन्तु बीएसएफ और राज्य पुलिस की मुस्तैद गतिविधियों के कारण खेप प्राप्त करने वाला पक्ष खेप हासिल नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमें खेप भेजने वाले और प्राप्त करने वाले की पहचान करने के लिए जांच कर रही हैं। थाना स्टेट स्पैशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में हथियार एक्ट की धाराओं 25/ 54/ 59 के अंतर्गत 22-06-23 को मुकदमा नंबर 18 दर्ज किया गया है।

ज़िक्रयोग्य है कि अमृतसर काउन्टर इंटेलिजेंस टीम की तरफ से एक हफ्ते से भी कम समय में सरहद पार से हथियार तस्करी का यह तीसरा ऐसा माड्यूल है, जिससे गोला-बारूद सहित कुल 11 पिस्तौलों की बरामदगी हुई है।

बताने योग्य है कि इससे पहले 16 जून को सी. आई. अमृतसर ने रजिन्दर कुमार उर्फ घुद्दी, जगजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह उर्फ मल्ली करी और जशनदीप सिंह उर्फ बूरा, सभी निवासी अमृतसर, को काबू करके उनके पास से चार पिस्तौलें बरामद की थीं। इसी तरह 19 जून को एक अन्य व्यक्ति जिसकी पहचान राजन सिंह निवासी पट्टी, तरन तारन के तौर पर हुई है, को तीन .32 बोर की पिस्तौलों और अस्ले सहित काबू किया गया था।

## हरपाल सिंह चीमा ने हॉकी चंडीगढ़ के लिए 10 लाख रुपए देने का किया ऐलान

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार खेल के क्षेत्र में राज्य की पुरानी शान को फिर से बहाल करने के मिशन के अंतर्गत खेल के लिए शानदार बजट अलॉट करने की योजना बना रही है।

यहाँ सैक्टर-42 के हॉकी स्टेडियम में हॉकी चंडीगढ़ की तरफ से करवाए गए ओलंपिक दिवस समागम के दौरान उपस्थितों और खिलाड़ियों को संबोधन करते हुये वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, जो देश के अन्य खेल मंत्रियों में से सबसे नौजवान खेल मंत्री हैं और उनकी टीम खेल संस्कृति को विकसित करने और जमीनी स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक उभरते और विजेता खिलाड़ियों और कोचों को समर्थन देने के लिए एक नई खेल नीति का नक्शा तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल प्रतिभा की बहुत बड़ी क्षमता है, जिसका लाभ उनको उत्साह, उपयुक्त बुनियादी ढांचा और मौके प्रदान करके ही लिया जा सकता है।

हॉकी के खेल में पंजाब की पुरानी शान को याद करते हुये वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा ने स. बलबीर सिंह, स. ऊधम सिंह, स. अजीतपाल सिंह, श्री सुरिन्दर सोढी और स. प्रगट सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के नामों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए यह गौरव वाली बात है कि भारतीय हॉकी टीम में कप्तान सहित 10 खिलाड़ी पंजाब के हैं। हरपाल सिंह चीमा ने हॉकी चंडीगढ़ की तरफ से खेल को प्रफुल्लित करने में निभाई जा रही भूमिका की सराहना करते हुए अपने ऐच्छिक कोटे से 10 लाख रुपए की ग्रांट देने का ऐलान किया।

## श्री अकाल तख्त साहिब के नए जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने संभाला पदभार



**अमृतसर :** श्री अकाल तख्त साहिब के नए जत्थेदार के रूप में ज्ञानी रघबीर सिंह ने आज अपना पदभार संभाल लिया है। ज्ञानी रघबीर सिंह पाठ के भोग के बाद श्री अकाल तख्त साहिब पहुंचे। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सिख संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। नए जत्थेदार के रूप में उन्हें पगड़ी पहनाई गई। आपको बता दें श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार का पद लंबे समय बाद किसी एक स्थायी जत्थेदार ने संभाला है। इससे पहले ज्ञानी हरप्रीत सिंह को श्री अकाल तख्त साहिब का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार के तौर पर इस कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इस दौरान स्टेज को संभाला और ज्ञानी रघबीर सिंह की पदभार ग्रहण प्रक्रिया को शुरू करवाया।

## पीएसपीसीएल का लाईनमैन 40,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए काबू

***बिजली के बिल का निपटारा करवाने के बदले पहले भी ले चुका था 21 हज़ार रुपए***

• **जालंधर ब्रीज.** फाजिल्का

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने फाजिल्का जिले के खूई खेड़ा में तैनात पी.एस.पी.सी.एल. के लाईनमैन महेन्दर कुमार को 40,000 रुपए की रिश्वत लेने के दोष अधीन काबू किया है। उक्त लाईनमैन को प्रदीप कुमार निवासी गाँव बाज़ीदपुर कट्यांवाली, जो अपने गाँव में बालाजी मिल्क सेंटर चलाता है, की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने विजीलैंस ब्यूरो फ़िरोज़पुर रेंज के फाजिल्का यूनिट से सम्पर्क करके शिकायत दर्ज करवाई थी कि लाईनमैन महेन्दर कुमार ने बालाजी मिल्क सेंटर के अप्रैल, 2023 महीने में 73,790 रुपए के आए बिजली के बिल का निपटारा करने के बदले रिश्वत के तौर पर 40,000 रुपए की माँग की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे इससे पहले फरवरी महीने में 52,360 रुपए बिजली का बिल आया था और उक्त लाईनमैन ने इस बिजली के बिल को ठीक करवाने के बदले उससे 21,000 रुपए लिए थे परन्तु जब उसका अप्रैल महीने का बिजली का बिल 73,790 रुपए आया तो उसे पता चला कि इसमें फरवरी महीने का बिल भी जोड़ा हुआ था। इसलिए उसने दोबारा लाईनमैन के साथ संपर्क किया तो लाईनमैन ने उससे (शिकायतकर्ता) और 40,000 रुपए की माँग की। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और इस लाईनमैन को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से 40,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही काबू कर लिया।

लाईनमैन के ख़िलाफ़ थाना विजीलैंस फ़िरोज़पुर रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

## जालंधर के विकास और पंजाब की खुशहाली के लिए भाजपा जरूरी : अर्जुन राम मेघवाल

### भाजपा जालंधर लोकसभा की रैली में भारी संख्या में महिलाएं, नौजवान और व्यापारी हुए शामिल

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल के तहत पंजाब भाजपा ने राज्य की जनता को केंद्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष के सेवा शासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियों से अवगत कराने के उद्देश्य को लेकर भाजपा जालंधर शहरी के जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय साईं दास स्कूल की ग्राउंड मे विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष रुप से उपस्थित हुए। उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं जोनल इंचार्ज जीवन गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राजेश बाघा और विक्रमजीत सिंह चीमा, इंदर इकबाल सिंह अटवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया, पूर्व संसदीय सचिव कृष्णदेव भंडारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राठौर, प्रदेश सचिव अनिल सच्चर, भाजपा जिला जालंधर शहरी के प्रभारी पुष्पेंद्र सिंगल, पूर्व एमएलए सरबजीत सिंह मक्कड़, पूर्व सीपीएस अविनाश चंद्र, जिला जालंधर देहाती साउथ अध्यक्ष पंकज ढींगरा, जिला जालंधर देहाती नार्थ अध्यक्ष रंजीत पवार, भाजपा देहाती प्रभारी संजीव मिन्हास, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमन पब्बी और विनोद शर्मा, पूर्व देहाती अध्यक्ष अमरजीत सिंह अमरी, प्रदेश सोशल मीडिया इंचार्ज राकेश गोयल, पुनीत शुक्ला, किट्टू ग्रेवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सनी शर्मा, रैली इंचार्ज मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश कपूर, अशोक सरीन हिक्की, अमरजीत सिंह गोल्डी, राजीव ढींगरा, भगवंत प्रभाकर, नरेंद्र पाल सिंह चंदी, शम्मी कुमार,



गौरव महे भी उपस्थित थे।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से जालंधर को अत्याधुनिक हस्पताल, वर्ल्ड क्लास हाईवे, आधुनिक रेलवे स्टेशन, केंद्र सरकार के सहयोग से स्मार्ट सिटी के अंतर्गत मिले हैं और सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित मोदी जी की नीतियों से आज देश आर्थिक रूप से मजबूत होकर, सैनिक सुरक्षा को आधुनिक करते हुए, भारत ने विश्व पटल पर अपनी साख बनाई है। मोदी जी ने ऐसे अनेक कार्य पूर्ण कर दिए है जो वर्षो से लंबित थे, जिनमें गरीब कल्याण आवास योजना के तहत पैसा सीधा लाभार्थी के खाते में पहुंचता है, शौच व्यवस्था 11 करोड़ 50 लाख शौचालय का निर्माण, घर घर में शुद्ध जल पहुचाना आदि प्रमुख हैं। आज इस विशाल जनसभा ने सिद्ध कर दिया है कि जालंधर नगर निगम के आने वाले चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत तय है। अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि पंजाब के गांवों में भाजपा को मिल रहे भारी जनसमर्थन को देखकर स्पष्ट है भाजपा पंजाबियों की पहली पसंदीदा पार्टी बन चुकी है।

अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल सेवा, गरीबों के कल्याण और सुशासन के लिए समर्पित रहे हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार ने 9 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था से लेकर स्वास्थ्य शिक्षा वैज्ञानिक प्रौद्योगिक शिक्षा व खेती किसानी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विकास किया है केंद्र सरकार द्वारा जितनी भी जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई उनको समय से पहले धरातल पर लागू करवा कर देश के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाया। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई और जमीनी स्तर पर उतारी गई सभी योजनाएं गरीबों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। कोरोना महामारी के दौरान भाजपा की केंद्र सरकार ने देश के 140 करोड़ लोगों का मुफ्त टीकाकरण कर उनकी जान को बचाया और 83 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया।

# विदेश की तरह दिखती हैं ये भारतीय जगह, **झील और पहाड़** का नजारा दिखता है शानदार

**YATRA**

**भारत में घूमने की कई ऐसी जगह हैं जो पूरी तरह से किसी विदेशी जगह की तरह दिखती हैं। इन जगहों का सुंदर नजारा देख मन खुश हो जाता है। आप यहां परिवार, दोस्तों या फिर पार्टनर के साथ जा सकते हैं।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत को विविधता का देश कहा जाता है। यहां के राज्यों, शहरों और गांवों में आपको अलग-अलग संस्कृती और परंपराएं देखने को मिल जाएंगी। भारत देश का अपना एक इतिहास है।

प्रकृति से पूर्ण इस देश में घूमने के लिए काफी सारी जगह हैं। कुछ जगह इतिहास से जुड़ी हैं तो वहीं कुछ का अपना रहस्य है। आपको ये जानकर हैरानी होगी की भारत में कुछ ऐसे शहर और गांव हैं, जो पूरी तरह से विदेशी शहरों की तरह लगते हैं। अगर आप विदेश जाना चाहते हैं लेकिन बजट के कारण खुद को रोक रहे हैं तो स्ट्रेस ना लें क्योंकि आप इन खूबसूरत जगहों का रुख कर सकते हैं जो बिल्कुल विदेश की तरह दिखती हैं। जानते हैं ऐसी जगहों के बारे में...









### अल्लेप्पी

केरल के अल्लेप्पी को भारत का वेनिस कहा जाता है। जैसे वेनिस में आप शांत नहरों का मजा लेते हैं वही आनंद आप अल्लेप्पी में ले सकते हैं। यहां शांत हाउसबोट का मजा लें। इनमें बैठकर आप हरी-भरी हरियाली का सुंदर नजारा देख सकते हैं। अगर आप यहां घूमने का प्लान बना रहे हैं तो ध्यान रखें कि तेज गर्मी के मौसम में यहां जाने से बचें।

### अंडमान निकोबार

हनीमून के लिए मालदीव जाना चाहते थे लेकिन पासपोर्ट की वजह से नहीं जा सके हैं। तो फिक्र ना करें, क्योंकि अंडमान निकोबार आइलैंड में भी आपको मालदीव जैसे खूबसूरत नजारे देखने मिल जाएंगे। यहां आप किसी भी अच्छे रिसॉर्ट में रुककर नीले पानी को घंटों निहार सकते हैं और अपने पार्टनर के साथ यहां के खूबसूरत नजारों को एंजॉय कर सकते हैं।

### पुडुचेरी

फ्रांस एक रोमांटिक जगह है, जहां जाना अधिकतर हर कपल का सपना होता है। अगर आप भी फ्रांस घूमने के सपने देख रहे हैं लेकिन बजट के कारण खुद को रोक रहे हैं तो आप पुडुचेरी जाएं। फ्रेंच वाइब्स के लिए ये जगह बेहतरीन है। अच्छी बात यह है कि यहां भीड़ भी काफी कम होती है। इस जगह को भारत का मिनी फ्रांस कहा जाता है। यहां के खाने से लेकर संस्कृति तक सब कुछ काफी अलग है।

### खज्जियार

अगर आप दिल्ली या फिर दिल्ली के आसपास कहीं रहते हैं तो आप भारत के मिनी स्विट्जरलैंड को देखने जरूर जाएं। इस जगह पर आप वीकेंड पर जा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा उप जिले में स्थित खज्जियार में आपको स्विट्जरलैंड जैसे खूबसूरत नजारे देखने को मिल जाएंगे। पार्टनर के साथ इस जगह को एक्सप्लोर करने के लिए जरूर जाएं।

### कुर्ग

कुर्ग कर्नाटक राज्य में एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जिसे 'भारत का स्कॉटलैंड' भी कहा जाता है। घूमने फिरने के नजरिए से देखें तो ये जगह शानदार है। यहां घूमने के लिए एक से बढ़कर एक वॉटरफॉल्स हैं। इस जगह पर आप खूबसूरत नजारों को पार्टनर के साथ एंजॉय कर सकते हैं।

---

**FASHION+**

## हिना खान के रिप्ड शार्ट्स और टॉप ने फैंस को किया इंप्रेस

**हिना खान का लेटेस्ट लुक काफी स्टाइलिश है। जिसमे वो डिस्ट्रेस शार्ट्स और वन शोल्डर टॉप पहने समर वेकेशन वाले लुक में परफेक्ट दिख रही हैं। ये लुक गर्ल्स आसानी से कॉपी कर सकती हैं।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

हिना खान भले ही फिल्मों और टीवी सीरियल्स में कम नजर आती हों लेकिन सोशल मीडिया पर उनका स्वैग हमेशा नजर आता है। इवेंट कोई सा भी हो वो हर बार अपने स्टाइलिश लुक से लोगों का ध्यान खींच लेती हैं। वहीं उनका कैजुअल लुक भी इंप्रेसिव दिखता है। हिना खान ने लेटेस्ट लुक की फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। जिसमे उनका फैशन सेंस लोगों को पसंद आ रहा है। टॉप और डिस्ट्रेस शार्ट्स में वो काफी स्टाइलिश दिख रही हैं।

### पहना प्रिंटेड टॉप्स

हिना खान ने लैवेंडर शेड के प्रिंटेड टॉप को चुना है। जिसकी वन शोल्डर और बिशप डिजाइन स्लीव स्टाइलिश दिख रही है। वहीं साथ में व्हाइट कलर के डिस्ट्रेस्ड शार्ट्स को मैच किया गया है। हिना का ये लुक समर सीजन के लिए बिल्कुल परफेक्ट दिख रहा है। वहीं टॉप पर बने पिंक, ग्रीन और ब्लू शेड के प्रिंट पैटर्न काफी खूबसूरत नजर आ रहे हैं। जबकि वेस्टलाइन पर रिबन को टाई किया गया है।

इस आउटफिट को हिना ने स्लीक वाच, ब्लश्ड ड्यूई स्किन मेकअप, मॉव लिपस्टिक और सनग्लासेज के साथ पेयर किया है। हिना खान का ये लुक समर वेकेशन में कॉपी करने के लिए बिल्कुल परफेक्ट दिख रहा है। हिना खान के इस लुक को देख फैंस भी तारीफ किए बगैर नहीं रह पाए। वहीं कुछ ट्रोल्स उनकी एक्सट्रीमली डिस्ट्रेस्ड शार्ट्स को देखकर कमेंट कर रहे थे। एक ट्रोल्स ने कमेंट किया है मैम आपकी निक्कर फट रहा है।

### लुक होता है हमेशा खास

यहीं नहीं हिना खान का ये डबल कलर का ट्रॉपिकल डिजाइन का को-आर्ड सेट भी अट्रैक्टिव दिख रहा है। जिस पर बनीं साइड स्लिट इसे ग्लैमरस बना रही है। बटन डिटेलिंग की शर्ट और हाई वेस्ट पैंट के साथ गोवा पहुंची हिना ने इस आउटफिट को पीप टो ट्रांसपैरेंट सैंडल के साथ मैच किया है। वहीं ब्राउन शेड लिपस्टिक और मिनिमम मेकअप हिना को अट्रैक्टिव बनाने के लिए काफी दिख रहा है।




फोटो-सोशल मीडिया

---

## ब्रेकफास्ट के लिए हेल्दी ऑप्शन है तवा पनीर टोस्ट

**नाश्ते में कुछ डिफरेंट और हेल्दी खाने का मन कर तो आप तवा पनीर टोस्ट बना सकते हैं। इसका मसाला पाव भाजी के मसाले की तरह तैयार किया जाता है...**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

टोस्ट अलग-अलग तरह से तैयार किए जाते हैं। अगर आप सुबह के नाश्ते में खाने के लिए कोई हेल्दी ऑप्शन देख रहे हैं तो पनीर से टेस्टी टोस्ट बना सकते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक को ये टोस्ट खूब पसंद आएगा। इसे आप बच्चे के टिफिन में भी पैक कर सकते हैं और शाम के स्नैक्स में भी बना सकते हैं। यहां जानिए इस टोस्ट की रेसिपी-

### तवा पनीर टोस्ट बनाने के लिए आपको चाहिए...

- ब्रेड
- तेल
- मक्खन
- जीरा
- प्याज (कटा हुआ)
- टमाटर (कटे हुए)
- शिमला मिर्च (कटी हुई)
- पत्ता गोभी (कटी हुई)
- शेजवान सॉस
- लाल मिर्च सॉस
- केचप
- पाव भाजी मसाला
- गरम मसाला
- कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- हरे प्याज का हरा भाग (कटा हुआ)
- नमक
- हरा धनिया
- पनीर (क्यूब्स में कटा हुआ)
- चीज (कद्दूकस किया हुआ)

### कैसे बनाएं

इसे बनाने के लिए एक पैन में तेल गर्म करें और फिर इसमें जीरा डालें। फिर इसमें प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी, शेजवान सॉस, लाल मिर्च सॉस, केचप, पाव भाजी मसाला, गरम मसाला, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, हरे प्याज पत्ता और नमक डालें। इसे अच्छी तरह से मिलाएं और फिर एक आलू मैशर का इस्तेमाल करते हुए सब कुछ एक साथ मैश करें और 2-3 मिनट तक पकाएं। फिर इसमें ताजा हरा धनिया डालें और अच्छी तरह से मिलाएं, आंच बंद करें।

अब ब्रेड पर बटर लगाएं और फिर इसपर मसाला लगाएं, इसके ऊपर पनीर के क्यूब्स लगाएं और फिर इसपर एक चुटकी पाव भाजी मसाला डालें। अंत में ब्रेड पर खूब सारा कद्दूकस किया हुआ चीज लगाएं। अब तले पर बटर डालें और इसे टोट्स को रखें, इसे ढक दें और चीज मेल्ट होने तक पकाएं। चीज पिघलने पर इसे तवे से उतार लें और फिर सर्व करें।

---

## बच्चों के साथ पिकनिक मनाने पर होगा फायदा, मेंटल हेल्थ होगी बेहतर



**PARENTING**

**18 जून को इंटरनेशनल पिकनिक डे मनाया जाता है। दिन पर पूरी दुनिया में लोग अपने दोस्तों और परिवार से मिलते हैं और पिकनिक पर जाते हैं। क्या आप जानते बच्चों के लिए पिकनिक के फायदे।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

गर्मी के मौसम में पेड़ की छाव के नीचे बैठकर बच्चों के साथ घर के बने खाने को एंजॉय करने से बेहतर शायद ही कुछ हो। पिकनिक में परिवार के साथ अच्छा समय बिताया जा सकता है। जो आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है। जब आप परिवार के साथ पूरा दिन बिताते हैं तो इससे परिवार के साथ रिश्ता मजबूत होता है। हर साल 18 जून को पिकनिक डे मनाया जाता है। यहां जानिए कि आपको अपने बच्चों के साथ पिकनिक पर क्यों जाना चाहिए।

### बच्चों के साथ पिकनिक पर जाना क्यों है जरूरी

**परिवार के साथ बूस्ट होती है बॉन्डिंग :** पिकनिक पर जाने से आप अपने बच्चों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। पिकनिक आपके बच्चों को प्यार और सुनने का एहसास कराने का सही मौका है। इस दौरान परिवार के साथ बॉन्डिंग बूस्ट होती है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ कुछ मजेदार गेम्स खेल सकते हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य में सुधार :** ताजी हवा आपके बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। परिवार के साथ पिकनिक पर जाने से मानसिक बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। चिंता के लेवल को कम करने के लिए बाहर समय बिताना अच्छा है।

**शारीरिक स्वास्थ्य :** बाहर समय बिताने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। अस्थमा जैसी सांस की समस्या वाले बच्चों के लिए ताजी हवा में सांस लेना फायदेमंद होता है। धूप वाले दिन पिकनिक विटामिन डी और कैल्शियम के अवशोषण में भी मदद करता है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है। ध्यान रखें कि धूप में जाने से पहले सनब्लॉक जरूर लगाएं।

**आत्मचिंतन का समय :** माता-पिता और बच्चों को समान रूप से ध्यान और आत्म-चिंतन से फायदा हो सकता है। बच्चों को अकेले रहने का समय देना और आत्म-चिंतन के माध्यम से खुद के बारे में सीखना जरूरी है, जो पिकनिक पर आसानी से किया जा सकता है।

---

## शरीर में बढ़ रहीं इन चीजों की वजह से आ सकता है हार्ट अटैक, इन हिस्सों में होता है दर्द

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

हार्ट अटैक तब आता है जब नसों में रुकावट होने लगती है और दिल को पर्याप्त खून नहीं मिलता। रिपोर्ट्स की मानें तो दिल की बीमारी की वजह से मौतों का आंकड़ा बढ़ गया है। बिजी लाइफ स्टाइल के कारण लोग अपने खानपान का ख्याल नहीं रख पाते और यही वजह है कि धीरे-धीरे शरीर में परेशानी बढ़ने लगती है। यहां चार वजह बता रहे हैं जिनकी वजह से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है। इसी के साथ जानिए साइलेंट अटैक आने पर शरीर के किन अंगों में दर्द होता है।

**HEALTH CARE**

**भारत में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हार्ट अटैक आने की वजह नसों का ब्लॉक होना है, इसके अलावा भी शरीर में बढ़ रही इन चीजों की वजह से स्ट्रोक का खतरा होता है।**



### इन वजहों से आ सकता है हार्ट अटैक

**मोटापा-** रिपोर्ट्स की मानें तो वजन बढ़ने से शरीर में कई बीमारियां हो जाती हैं जो हार्ट अटैक का भी कारण बन सकती हैं। स्टडी की मानें तो कमर का साइज बढ़ने से भी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, मोटापे की वजह से धमनियों में फैट बढ़ सकता है। और अगर दिल तक खून ले जाने वाली नसें डैमेज हो जाती हैं या बंद हो जाती हैं तो इससे दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है।

**कोलेस्ट्रॉल-** कोलेस्ट्रॉल बढ़ना सेहत के लिए गंभीर संकेत है। इन दिनों ज्यादातर लोग बढ़ते कोलेस्ट्रोल से परेशान है। बढ़ते कोलेस्ट्रॉल की वजह से खून की नसें ब्लॉक हो सकती हैं, जिससे ब्लड फ्लो रुक सकता है या स्लो हो सकता है। ऐसा होने पर हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा होता है। हालांकि, आप खान पान में बदलाव और कुछ एक्सरसाइज की मदद से इसे कंट्रोल कर सकते हैं।

**डायबिटीज-** डायबिटीज एक जानलेवा बीमारी है। ब्लड शुगर लेवल बढ़ने पर कई और तरह की बीमारियां भी होने लगती हैं। इसकी वजह से हार्ट डिजीज का खतरा भी बढ़ता है। लंबे समय तक ब्लड शुगर लेवल कम ज्यादा होते रहता है तो लाइफस्टाइल में बदलाव करना जरूरी है।

**हाई बीपी-** ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि हाई बीपी की वजह से व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। अगर बीपी कंट्रोल में नहीं है तो हार्ट की बीमारी होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। एक्सपर्ट की मानें तो हाई बीपी की वजह से शरीर में ब्लड फ्लो बढ़ता है, जिसकी वजह से शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। ऐसे में ब्लड फ्लो तेज होने लगता है और दिल की धमनियों में ब्लड सर्कुलेशन तेज हो जाता है, जिससे दिल पर दबाव पड़ता है और अटैक आने का खतरा होता है।


### किन हिस्सों में होता है दर्द?

ज्यादातर लोगों को लगता है कि दिल का दौरा पड़ने पर सिर्फ सीने में दर्द होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। जब किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आता है तो दिल से जाने वाला खून प्रभावित होता है। इसी की वजह से हाथ, कमर, गर्दन, जबड़े और पेट में दर्द हो सकता है।

*नोट : इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# क्यों मोबाइल फोन के क्षेत्र में भारत की प्रगति मैन्यूफैक्चरिंग की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है!

हाल में अखबारों में छपे कई लेखों ने इस आशय की एक धारणा बनाने की कोशिश की है कि भारत में कम मूल्यवर्धन के कारण मोबाइल फोन के निर्यात को बढ़ावा देने में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की भूमिका संदिग्ध रही है। इस तरह की आलोचना में निम्नलिखित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं: - केवल सीमा शुल्क की ऊंची दर लागू करने के कारण ही मोबाइल का शुद्ध आयात सकारात्मक हो गया है; पीएलआई योजना के तहत किए जाने वाले प्रोत्साहन का भुगतान भारत में होने वाले मूल्य वर्धन से अधिक हो सकता है; पीएलआई योजना की घोषणा के बाद से भारत आयात पर निर्भर हो गया है और इस बात का नए सिरे से मूल्यांकन करने की जरूरत है कि पीएलआई योजनाओं के तहत नौकरियां सृजित की गई हैं या नहीं और ऐसी नौकरियों के लिए संबद्ध लागत क्या रहीं हैं। तर्क के ये बिंदु काफी हद तक गलत हैं, जैसाकि निम्नलिखित विस्तृत व्याख्या से स्पष्ट है: सीमा शुल्क नीति में बदलाव उत्पादन और निर्यात संबंधी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 2015



की तुलना में, अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित हैं। पीएलआई के तहत प्रोत्साहन छह प्रतिशत भी नहीं है (यह चरणबद्ध तरीके से दो प्रतिशत से भी कम हो जाएगा) और यह केवल वृद्धिशील उत्पादन पर लागू है।

पीएलआई योजना के लाभार्थियों की बाजार हिस्सेदारी जहां मात्र 20 प्रतिशत थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मोबाइल फोन के निर्यात में उनकी भागीदारी 82 प्रतिशत थी। विश्लेषणों से यह पता चलता है कि मॉडल और जटिलता के आधार पर मोबाइल में घरेलू मूल्यवर्धन 14-25 प्रतिशत के बीच है। चार्जर, बैटरी पैक, हेडसेट, मैकेनिक्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली से जुड़ी सब-असेंबली एवं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में ठोस विकास देखा जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित किए जाने के अलावा पश्चिमी यूरोप, अमेरिका और विकसित एशिया सहित निर्यात के लिए नए बाजारों का समावेश किया गया है। घटकों से जुड़े इकोसिस्टम में भी सकरात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। इस इकोसिस्टम में टाटा जैसी बड़ी भारतीय कंपनियां प्रवेश कर चुकी हैं और इस प्रकार, इस तरह के नीतिगत हस्तक्षेप से पैदा होने वाली बाह्यताएं महत्वपूर्ण हो गई हैं।

वर्ष 2014 में दुनिया का कुल तीन प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट निर्माण करने से लेकर इस साल भारत अनुमानित रूप से दुनिया के कुल 19 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट का निर्माण करेगा। मूल्य की दृष्टि से मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 190 बिलियन रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.5 ट्रिलियन रुपये का हो गया है। 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में, स्मार्टफोन का उत्पादन 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है और उसका निर्यात 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है। इस तथ्य को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि भारत में मोबाइल का उत्पादन मजबूत होने के साथ-साथ व्यापक होता जा रहा है, जिसमें घरेलू मूल्यवर्धन, रोजगार और आय में वृद्धि शामिल है।

वर्ष 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में एक मिलियन से अधिक नौकरियों का समावेश किया गया है। एप्पल के अपने सबसे उन्नत मॉडलों के निर्माण सहित भारत में आईफोन के अपने उत्पादन का विस्तार करने के फैसले के साथ भारत ने इस क्षेत्र में एक आकस्मिक प्रगति की है। अनुमान है कि 2025 तक कुल ऐप्पल आईफोन का एक चौथाई हिस्सा भारत में निर्मित होगा। निष्कर्ष के तौर पर, पीएलआई योजनाओं की सफलता को रोजगार सृजन, मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि, निर्यात में वृद्धि और निर्यात के क्षेत्र में होने वाले विविधीकरण के साथ-साथ उल्लेखनीय मूल्यवर्धन और कई पीएलआई उत्पादों, विशेष रूप से मोबाइल फोन के क्षेत्र में बढ़ती स्थानीय मूल्य श्रृंखला के निर्माण के रूप में इसके योगदान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

**लेखक- राजेश कुमार सिंह एवं कुमार वी प्रताप**

# पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में 'जल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया

*• पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 में 'कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान' श्रेणी में देश भर में तीसरा रैंक प्राप्त हुआ • केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्थायी जल प्रथाओं को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सीयूपीबी कुलपति प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी को जल पुरस्कार से सम्मानित किया*

**• जालंधर ब्रीज.** बठिंडा



पिछले दिनों को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्थायी जल प्रथाओं को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा (सीयूपीबी) के कुलपति प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी को प्रतिष्ठित जल पुरस्कार से सम्मानित किया। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह के दौरान पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 में 'कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान' श्रेणी में देश भर में तीसरा रैंक हासिल करने के लिए जल पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2022 की 11 श्रेणियों में चुने गए संयुक्त विजेताओं सहित 41 विजेताओं को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय ने पंजाब राज्य की पानी की चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से कई पहल की हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय परिसर में जल संसाधन संरक्षण, प्रबंधन और जल के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे की स्थापना की है। इन्ही भगीरथ प्रयासों के फलस्वरूप ही पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार विजेताओं की सूची में स्थान प्राप्त किया है।

इस समारोह में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के अलावा, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू और कश्मीर, और मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद ने भी क्रमश: प्रथम और द्वितीय रैंक प्राप्त करने हुए 'परिसर उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान' श्रेणी में जल पुरस्कार प्राप्त किया है।

पुरस्कार समारोह के दौरान कुलपति प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी और डॉ. सुनील मित्तल (पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सीयूपीबी) को विश्वविद्यालय परिसर में स्थायी जल प्रथाओं को बढ़ावा देने में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 1 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह में बोलते हुए, भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जल संरक्षण और प्रबंधन में सराहनीय कार्य करने के लिए सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी नागरिकों से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की, ताकि जन आंदोलन की भावना द्वारा जल आंदोलन को गति दी जा सके।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी ने जल पुरस्कार प्रदान करने के लिए माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार जल संरक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देने हेतु सीयूपीबी समुदाय द्वारा किए समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरुप प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय 'जल समृद्ध भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु युवाओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने और इस विषय पर अनुसंधान आधारित अभिनव समाधान को बढ़ावा देते हुए अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने सीयूपीबी छात्रों और कर्मचारियों से अपील की कि वे स्थायी जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए पानी की हर एक बूंद को सुरक्षित रखने के मिशन को अपनाएं।

## भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण

# सरकार की पहल और सांस्कृतिक पुनरुद्धार




**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

भारत अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। भारत सरकार ने देश की कालातीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'विकास भी विरासत भी' के नारे के तहत यह प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है।

सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुनर्विकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है।

कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है।

एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास के तहत 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुनर्निर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें श्री आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया।

हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा, श्री नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है।

भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले 'काशी तमिल संगमम' के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया - जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है।

इन सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति गहरी जागरूकता और इसकी विरासत को संरक्षित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सरकार का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक खजाने की रक्षा और प्रचार करके, भारतीय इतिहास और संस्कृति की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की समझ को समृद्ध करना है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को आकर्षित करने की क्षमता और विरासत स्थलों को पुनर्जीवित करने के चल रहे प्रयासों के साथ, भारत की प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक परंपराएं वैश्विक मंच पर चमकती रहेंगी।

** नानू भसीन, अपर महानिदेशक, और ऋतु कटारिया, सहायक निदेशक। दोनों लेखिकाएं पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार की अधिकारी हैं। रिसर्च यूनिट, पीआईबी से इनपुट।*

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023

# दुनिया भर में "वसुधैव कुटुम्बकम-एक परिवार, एक-पृथ्वी" का संदेश देगा

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' है, और यह विषय समग्र रूप से स्वस्थ, आनंदमय, शांतिपूर्ण और गतिशील दुनिया बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) से जुड़े सभी लोगों के निरंतर, निर्भीक और स्थायी प्रयासों को रेखांकित करता है। योग सकारात्मक ऊर्जा लाता है, और 'वसुधैव कुटुम्बकम' दुनिया को एक बड़े परिवार के रूप में देखना और उसी तरह से जीना है। योग के रूप में भारत की यह पारंपरिक प्रथा 'सर्वे भवन्तु' सुखिन, सर्वे सन्तु निरामय" (सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों') की प्राचीन प्रार्थना को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा शक्ति बन जाती है। सबसे पहले यह रेखांकित करना चाहता हूं कि आयुष मंत्रालय ने पिछले 9 वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है।

यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता और भारत की परंपराओं की उनकी गहरी समझ है जिसने आयुष को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। जन-साधारण की सेवा के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता और भारत को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने की इच्छा के परिणामस्वरूप हर साल दुनिया भर में आईडीवाई नये जोश से मनाया जाता है। हर वर्ष भाग लेने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के समक्ष हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव देते हुए वैश्विक कल्याण और समग्र स्वास्थ्य का "मंत्र" दिया था। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने तब सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और अब दुनिया इस मंत्र को पूरे मन से अपना रही है। 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' एक दिन का विषय नहीं है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अच्छी तरह से विचार किया गया है, चर्चा की गई है, कई लोगों द्वारा इसके अहम पहलुओं को उभारा गया है। इसके पीछे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्पना रही है। जी-20 राष्ट्रों और एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि और एससीओ के भागीदार देश भी योग को बेहद सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल भारत में योगाभ्यास करेंगे। हम देख रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वैश्विक स्तर पर योग की बढ़ती स्वीकार्यता का स्पष्ट प्रतीक है। समन्वित सरकारी प्रयास के लिहाज से भारत सरकार का प्रत्येक मंत्रालय और सभी हितधारक तालमेल से काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय दूतावासों, विदेशों में भारतीय मिशनों और दुनिया भर में वाणिज्य दूतावासों को प्रोत्साहित करता है।

यह वैश्विक समुदाय के बीच योग को बढ़ावा देता है और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को मजबूत करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की विषय वस्तु की व्याप्ति का मतलब है कि इसका संदेश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचे। इसके लिए स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतराराष्ट्रीय, तीनों स्तरों पर काम करना होता है। पिछले साल हमने इस उद्देश्य के लिए "गार्जियन रिंग ऑफ योग" किया था। इस साल हम "ओशन रिंग" के रूप में, और प्राइम मेरिडियन लाइन पर या उसके पास पड़ने वाले "आर्कटिक से अंटार्कटिका तक के क्षेत्र में आने वाले देशों तक योग प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 जून को ये दो विचार न केवल वैश्विक समुदायों की भागीदारी बढ़ाएंगे, बल्कि यह भी प्रदर्शित करेंगे कि योग जीवन को बनाए रखने वाली शक्ति है, चाहे स्थिति या स्थान कोई भी हो। योग उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र, हिमाद्रि- स्वालबार्ड (आर्कटिक में) भारतीय अनुसंधान केन्द्र; और भारती- अंटार्कटिका में तीसरे भारतीय अनुसंधान केन्द्र में भी होगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह में हर तबके, वर्ग, समूहों को शामिल करने के लिए हमारे देश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



**सर्बानंद सोणोवाल**
(केन्द्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री)

योग भारतमाला बनाई जाएगी, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और सीमा सड़क संगठन की भागीदारी देखने को मिलेगी। इसी तरह योग सागरमाला में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से जुड़े बंदरगाहों पर योग प्रदर्शन होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आईडीवाई हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है। ग्रामीण स्तर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और इसके लिए सामान्य सेवा केन्द्रों को भी जोड़ा गया है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष स्वास्थ्य और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र भी सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। यह भारत के सभी हेल्थ एंड वेलनैस सेंटरों पर होगा। सीवाईपी का अभ्यास सभी आयुष सुविधाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि में किया जाएगा। प्रत्येक राज्य का एक आयुष ग्राम भी सीवाईपी अभ्यास में भाग लेगा और इसके लिए चिन्हित गाँव में योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं ताकि "सम्पूर्ण योग ग्राम" का दर्जा प्राप्त किया जा सके। इसका अंतिम उद्देश्य ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में "हर आंगन योग" के लक्ष्य को हासिल करना है। इसके लिए भारत में 2 लाख से अधिक गांवों में लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) में प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मुझे यकीन है कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को बड़ा समर्थन मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को मध्य प्रदेश के जबलपुर में होगा। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गैरीसन मैदान, जबलपुर में सामूहिक योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेन्द्रभाई, और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे। जैसे-जैसे हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 उत्सव की ओर आगे बढ़ रहे हैं, हर मिनट, हर क्षण और योग से जुड़ा हर स्थान उच्च स्तर का महत्व प्राप्त कर रहा है। आईडीवाई 2023 को शानदार तरीके से सफल बनाने के लिए हममें से प्रत्येक को एक भूमिका निभानी है। कुछ समय निकालें और खुद को योग की रोग निवारक और उपचारात्मक शक्ति में तल्लीन कर लें, जैसा कि मैं स्वयं प्रतिदिन करता हूं। मेरा यकीन मानिए, इस वर्ष का आईडीवाई विशेष है क्योंकि 'योग' में "वसुधैव कुटुम्बकम" की शक्ति निहित है।

# मंडी बोर्ड के चेयरमैन बरसट राष्ट्रीय राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड परिषद के उपाध्यक्ष बने

## कहा- कृषि क्षेत्र से जुड़े हर वर्ग की उन्नति के लिए अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाऊंगा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



गोवा में आयोजित राष्ट्रीय राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड परिषद (सीओएसएएमई) के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद जनरल बॉडी मीटिंग में पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट को उनके मेहनती और ईमानदार व्यक्तित्व के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सीओएसएएमईके उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर हरचंद बरसट ने पंजाब को मिले इस सम्मान का श्रेय मान सरकार को दिया और राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस नई जिम्मेदारी और पद के प्रति पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम करेंगे, ताकि पंजाब सहित पूरे देश की बाजार व्यवस्था को किसानों, श्रमिकों, कारीगरों, व्यापारियों आदि के लिए और अधिक लाभकारी और बेहतर बनाया जा सके।

इस अवसर पर सीओएसएएमई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी, गोवा मंडी बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रकाश वेल्प, हरियाणा मंडी बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य चौटाला, सीओएसएएमई के एमडी डॉ. जेएस यादव, नागार्जुन ग्रुप के सीईओ दुष्यन्त तिवारी, कृषि विभाग गोवा के निदेशक सहित विभिन्न राज्यों के मंडी बोर्डों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बहुमूल्य जल स्रोत संरक्षण समय की मुख्य ज़रूरत : मीत हेयर



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य में भूजल के गिरते स्तर के मद्देनज़र भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने राज्य के किसानों के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की वचनबद्धता और बहुमूल्य जल स्रोतों के सरंक्षण पर ज़ोर देते हुए विभाग को नये प्रोग्राम बनाने और चल रहे जल संरक्षण और प्रबंधन को और तेज करने के लिए कहा। मीत हेयर ने कृषि के लिए सिंचाई हेतु नहरी पानी और उपचारित पानी का प्रयोग अधिक से अधिक करने और भूमिगत पाईपलाइन प्रोग्राम को राज्य के कोने-कोने तक पहुँचाने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने विभाग को ज़मीनी स्तर पर जागरूकता पैदा करके राज्य में जल प्रबंधन और संरक्षण के लिए लोक लहर शुरू करने का आह्वान किया। मीत हेयर ने यह निर्देश पंजाब भवन चंडीगढ़ में हुई भूमि एवं जल संरक्षण विभाग के कामकाज का जायज़ा लेने के लिए बुलायी गई मीटिंग के दौरान दिए।

# केंद्रीय कानून मंत्री ने जालंधर लोकसभा के व्यापारियों और प्रबुद्धजनों से की चर्चा



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर आज महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता भटारा जी के जालंधर देहाती साउथ स्थित निवास में व्यापारी सम्मेलन जिला भाजपा अध्यक्ष पंकज की अध्यक्षता मे हुआ, जिसमे विशेष तौर पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेश भाजपा महामंत्री राजेश बागा, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सरपाल, इंद्र इकबाल सिंह अटवाल (पूर्व विधायक) ने पहुँच कर उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित किया। इस दौरान नकोदर में व्यापारियों व प्रबुद्धजनों से भाजपा सरकार द्वारा उद्योग को बढ़ावा देने एवं अंत्योदय के संकल्प को पूर्ण करने हेतु चलाई जा रही अनेक जन-कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर गुरमीत राणा सोढ़ी, पूर्व आईजी आरपी मितल, जिला व्यापार प्रकोष्ट के संयोजक सोनू बजाज, राजीव अरोड़ा, डॉ. थिंद, परमिंदर काका, राजेश गुप्ता, चिराग बत्रा, सुदर्शन सूबती, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य भटारा, परमजीत, कुमार लाली, पंकज, अरविंद चावला शैफी, भूपेंद्र, प्यारा सिंह, कश्मीरा सिंह, सुरेंद्र सिंह विरदी, अमित विज आदि उपस्थित थे।

# मान सरकारी खजाने पर खुद ऐश करने का दोष राज्यपाल पर मढ़ रहे : जीवन गुप्ता

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के पंजाब महासचिव जीवन गुप्ता ने मुख्यमंत्री भगवंत मान व उनकी सरकार द्वारा पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को लेकर उठाए गए विवाद को लेकर पंजाब सरकार पर बरसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा उनकी सरकार जहाँ भरता रत्न बाबा साहिब डॉ. भीम राव अंबेडकर के लिखे भारत के संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा राज्यपाल के पद की गरिमा को भी जमकर ठेस पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने देश के संविधान का मजाक बना दिया है। भगवंत मान द्वारा विधानसभा के पवित्र सदन में लोगों के ज्वलंत मुद्दों पर बात करने के बजाय लोगों को असल मुद्दों से भटकाया जा रहा है।



जीवन गुप्ता ने राज्यपाल द्वारा हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल करने से मना किए जाने पर कहा कि माननीय राज्यपाल पर आरोप लगाने वाले मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद अरविन्द केजरीवाल को साथ लेकर हेलिकॉप्टर में अन्य चुनावी राज्यों की सैर कर रहे हैं और उसका दोष माननीय राज्यपाल पर मढ़ रहे हैं। हेलिकॉप्टर पंजाब सरकार का है, ना कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का। मुख्यमंत्री भगवंत मान, केजरीवाल व आम सरकार के मंत्रियों का झूठ बोलने के विश्व रिकार्ड से कौन परीचित नहीं है? इन लोगों ने झूठ बोलने में पीएचडी कर रखी है। भगवंत मान आरोप लगा रहे हैं कि राज्यपाल ज्यादा खर्च करते हैं, जबकि करोड़ों रुपए का हेलिकॉप्टर का व अन्य राज्यों सहित पंजाब में दिए गए झूठे विज्ञापनों का बोझ भगवंत मान सरकार ने पंजाब के खज़ाने पर डाला है। यह पहली बार नहीं है कि आम आदमी पार्टी के नेता झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब पउन्होंने कहा कि यह सब गैरकानूनी है।

# पेंशनभोगियों पर विकास कर लगाने के लिए आम आदमी पार्टी की आलोचना

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने राज्य में पेंशनभोगियों पर 200 रुपये प्रति माह का विकास कर लगाने के लिए गुरुवार को आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की कड़ी आलोचना की। बाजवा ने कहा कि दूसरी बार पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ाने और बिजली की दरें बढ़ाने के बाद पंजाब के कोहिनूर (पंजाब के सीएम भगवंत मान) ने अब पंजाब के पेंशनरों को एक नया तोहफा दिया है।



बाजवा ने आगे कहा, "भ्रष्टाचार को खत्म करके रेत खनन से 20,000 करोड़ रुपये और भ्रष्टाचार को खत्म करके 34,000 करोड़ रुपये का राजस्व इकट्ठा करने में विफल रहने के बाद, पंजाब की आप सरकार राज्य के पुराने पेंशनभोगियों को छीलकर राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रही है।'

# शहर के सभी वार्डों की समस्याओं को पहल के आधार पर किया जा रहा है हल: ब्रम शंकर जिंपा

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिंपा ने कहा कि शहर के विभिन्न मोहल्लों में विकास कार्यों का काम जारी है और यह गति इसी तरह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मोहल्ला वासियों की हर छोटी से बड़ी समस्या को पहल के आधार पर हल किया जा रहा है। वे वार्ड नंबर 6 के मोहल्ला कृष्णा नगर में करीब 31 लाख रुपए की लागत से बनने वाली विभिन्न गलियों के निर्माण कार्य की शुरुआत के दौरान मोहल्ला निवासियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मेयर सुरिंदर कुमार भी मौजूद थे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शहर वासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर के सर्वपक्षीय विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।



# अब 10 जुलाई तक करें 'सांसद भारत दर्शन' हेतु अप्लाई

• **जालंधर ब्रीज, हमीरपुर**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण हेतु केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर अति लोकप्रिय 'सांसद भारत दर्शन' योजना चलाते हैं. इस वर्ष कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा है. इसी के मद्देनज़र और छात्र-छात्राओं के विशेष अनुरोध पर इस वर्ष सांसद भारत दर्शन कार्यक्रम के आवेदन की अंतिम तारीख़ 20 जून 2023 से बढ़ा कर 10 जुलाई 2023 कर दी गई है। गौरतलब हो की अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा क्षेत्र के बच्चों हेतु भारत भ्रमण की इस अनूठी पहल का ये दूसरा चरण है। छात्र- छात्राएं 01 जून 2023 से हीं वेबसाइट के माध्यम से इसके लिए आवेदन कर रहें हैं. विद्यार्थियों की सहूलियत हेतु इस बार आवेदन करने के लिए विशेष रूप से एक क्यूआर कोड भी तैयार किया गया है।




'सांसद भारत दर्शन 2023' की घोषणा करते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया था कि भारत दर्शन के पहले चरण की अपार सफलता के बाद अब दूसरा चरण कराने का निर्णय लिया गया है. श्री ठाकुर ने पहले हीं जानकारी दी थी की इस बार विद्यार्थियों को दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के भ्रमण पर ले जाया जाएगा।

# मान सरकार ने हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम को जारी की सबसे बड़ी ग्रांट

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब में खेलों के विकास के लिए वचनबद्ध मान सरकार ने रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के लिए 23.16 लाख रुपयों की ग्रांट जारी कर दी है। इस ग्रांट से स्टेडियम में कई अहम कार्यों को पूरा करवाया जाएगा। डीबीए के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिन खन्ना ने मुख्यमंत्री भगवंत मान एवं खेल मंत्री गुरमीत मीत हेयर का धन्यवाद करते हुए बताया कि आज तक हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के इतिहास में इतनी बड़ी ग्रांट नहीं मिली है। इसलिए वह तहेदिल से मान सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि खेल विभाग ने डीसी जालंधर विशेष सरंगल को 23.16 लाख रुपए भेज दिए हैं । डीसी जालंधर जोकि एसोसिएशन के प्रधान भी है उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को टेंडर जारी कर काम को तुरंत शुरू करवाने के निर्देश दिए हैं।



# सीधी बिजाई करने वाले किसान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरुर करवाए : एसडीएम



• **जालंधर ब्रीज.** सुल्तानपुर लोधी

एसडीएम सुल्तानपुर लोधी चंद्रजोती सिंह और कृषि विभाग सुल्तानपुर लोधी की टीम ने आज गांव बुसोवाल में धान की सीधी बिजाई के प्रदर्शनी प्लांट का दौरा किया। एस.डी.एम सुल्तानपुर लोधी चंद्रजोती ने पानी बचाने और खेती के खर्च को कम करने के लिए धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य किसानों को भी यह तरीका अपनाना चाहिए। कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि पंजाब सरकार सीधी बिजाई को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को 1500 प्रति एकड़ की दर से वित्तीय सहायता दे रही है, इसलिए किसान को 25 जून से पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

# दिसंबर तक पंचायतों का सोशल आडिट करवाने के निर्देश

## पंचायतों के सोशल आडिट की रिपोर्ट सार्वजनिक की जायेगी

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा व प्रवासी भारतीय मामलों संबंधी मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल शामिल कैबिनेट सब-कमेटी ने ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग को सूबे की सभी पंचायतों का दिसंबर 2023 तक सोशल आडिट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायतों के सोशल आडिट की इस रिपोर्ट को सार्वजनिक भी किया जायेगा।

कैबिनेट सब- समिति की तरफ से यह आदेश आज यहां पंजाब भवन में खेत मज़दूर यूनियन के साथ मीटिंग दौरान दिए गए। कैबिनेट सब-कमेटी ने विभाग को पंचायती ज़मीनों की बोली संबंधी विडीओग्राफी यकीनी बनाने के लिए भी कहा।

इसी दौरान कैबिनेट सब-कमेटी ने अनुसूचित जातियों के लिए पंचायती ज़मीन की बोली संबंधी मामलों की जांच के लिए जाइंट डिवैल्पमैंट कमिशनर श्री अमित कुमार का नेतृत्व अधीन एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाने के आदेश दिए। यह कमेटी पटियाला और दूसरे जिलों से सम्बन्धित मामलों की जांच करके 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस मौके कैबिनेट सब- समिति की तरफ से सभी जिलों के ए. डी. सी विकास को अनुसूचित जातियों के साथ सम्बन्धित बकाया शिकायतों का जल्दी निपटारा करने संबंधी भी निर्देश दिए।

मगनरेगा संबंधी मुद्दों पर विचार चर्चा दौरान वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा ने विभाग को सभी सरपंचों और पंचायत सदस्यों को मगनरेगा से सम्बन्धित नियमों की कापी भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह यकीनी बनाया जाये कि 18 साल से कम उम्र के किसी व्यक्ति का जोब् कार्ड न बनाया जाये। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में अभी तक मगनरेगा के अंतर्गत महिला मेट नहीं नियुक्त की गई वहां यह नियुक्ति जल्द से जल्द की जाये। मगनरेगा वर्करों की दिहाड़ी बढ़ाने संबंधी स. हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत मान इस संबंधी पहले से ही भारत सरकार को पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस संबधी केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जायेगा।

अनुसूचित जातियों को 5-5 मरले के प्लाट' देने संबंधी ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग के आधिकारियों ने कैबिनेट सब-समिति को अवगत करवाया कि दिसंबर 2021 तक पंजाब भर में से 35303 आवेदन प्राप्त हुई थीं जिनमें से 24787 को प्लाट' दिए जा चुके हैं और शेष आवेदनों पर कार्यवाही जारी है।

# आईसीसी वनडे विश्वकप 2023
# 10 में से दो टीमों का चयन बाकी


फोटो-आईसीसी

**मुंबई.** भारत में इस वर्ष के अंत में आईसीसी विश्व कप 2023 का आयोजन किया जाना है। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए कुल 10 टीमों के बीच ट्रॉफी के लिए मुकाबला होगा मगर अभी तक उन टीमों का चयन नहीं हो सका है जिनके बीच आईसीसी विश्व कप खेला जाएगा। 10 में से अभी दो टीमों का चयन होना विश्व कप के लिए बाकी है। बता दें कि आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफायर 18 जून को जिम्बाब्वे में शुरू हुआ, जिसमें भाग लेने वाली 10 टीमों में दो बार की विजेता वेस्टइंडीज और 1996 की चैंपियन श्रीलंका भी शामिल थी।


## ये है पूरा शेड्यूल

- शुक्रवार, 23 जून
श्रीलंका बनाम ओमान, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
स्कॉटलैंड बनाम यूएई, बुलावायो एथलेटिक क्लब
- शनिवार, 24 जून
जिम्बाब्वे बनाम वेस्टइंडीज, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
नीदरलैंड बनाम नेपाल, ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब
- रविवार, 25 जून
श्रीलंका बनाम आयरलैंड, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
स्कॉटलैंड बनाम ओमान, बुलावायो एथलेटिक क्लब
- सोमवार, 26 जून
जिम्बाब्वे बनाम यूएसए, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
वेस्टइंडीज बनाम नीदरलैंड, ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब
- मंगलवार, 27 जून
श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
आयरलैंड बनाम यूएई, बुलावायो एथलेटिक क्लब
- गुरुवार, 29 जून
सुपर 6: ए2 बनाम बी2, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
- शुक्रवार, 30 जून
सुपर 6: ए3 बनाम बी1, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
प्लेऑफ़: ए5 बनाम बी4, ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब
- शनिवार, 1 जुलाई
सुपर 6: ए1 बनाम बी3, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- रविवार, 2 जुलाई
सुपर 6: ए2 बनाम बी1, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
प्लेऑफ़: ए4 बनाम बी5, ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब
- सोमवार, 3 जुलाई
सुपर 6: ए3 बनाम बी2, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- मंगलवार, 4 जुलाई
सुपर 6: ए2 बनाम बी3, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
प्लेऑफ़: 7वां बनाम 8वां ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब
- बुधवार, 5 जुलाई
सुपर सिक्स: ए1 बनाम बी2, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- गुरुवार, 6 जुलाई
सुपर सिक्स: ए3 बनाम बी3, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
प्लेऑफ़: 9वीं बनाम 10वीं ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब
- शुक्रवार, 07 जुलाई
सुपर सिक्स: ए1 बनाम बी1, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- रविवार, 09 जुलाई
फाइनल, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

# विभागों को किसानों के मार्गदर्शक की भूमिका निभाने का आह्वान

**कपूरथला.** डिप्टी कमिश्नर कपूरथला कैप्टन करनैल सिंह द्वारा कृषि एवं किसान भलाई विभाग, बागवानी, पशुपालन एवं मच्छी पालन विभाग को किसानों की आमदन बढाने के लिए पंजाब सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं अधिक से अधिक लाभ किसानों तक पहुँचाने पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए हैं।

डिप्टी कमिश्नर ने आज यहां जिला प्रशासनिक परिसर में विभिन्न विभागों के कार्यवाही का जायजा लेते हुए विभागों के अधिकारियों को पराली प्रबंधन से सबंधित मशीनरी पर दी जा रही सब्सिडी, जल संरक्षण की योजनाओं और सब्जियों एवं फलों की खेती को उत्साहित करने वाली स्कीमों के बारे मे गांव स्तर पर कैंप लगाने के साथ-साथ आधुनिक संचार द्वारा किसानों तक पहुँच करें। उन्होंने कहा कि किसानों के वाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें मौसम के अनुसार उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों, खाद-बीज के सही उपयोग और फसल के मंडीकरण बारे लगातार जानकारी दी जाए।



इसके इलावा कृषि के सहायक व्यवसायों से संबंधित समूह विभाग अपने ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के संपर्क नंबर सार्वजनिक करें ताकि किसान कृषि से संबधित सलाह के लिए सीधे उनसे संपर्क कर सकें। उन्होंने जिले में पशुधन के रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण प्रक्रिया का भी जायजा लिया।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि धान की लगवाई का काम चल रहा है और चालू सीजन में 10000 एकड़ क्षेत्र को बासमती के तहत लाया जा रहा है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.